राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, मंगलवार, 08 जुलाई 2025
वर्ष 14, अंक 89, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाया दो बार जबरन गर्भपात कराया..03

24 घंटे में सड़क पर गईं पांच लोगों की जान...04

# पहलगाम आतंकी हमला पूरी मानवता पर आघात- BRICS समिट में PM मोदी का आतंकवाद पर कड़ा संदेश

**स्वतंत्र प्रभात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रविवार को कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता तथा आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम में हुआ "कायरतापूर्ण" आतंकवादी हमला भारत की "आत्मा, पहचान और गरिमा" पर सीधा हमला है। इसी के साथ उन्होंने आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए एक साथ प्रयास करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, "आतंकवाद आज मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती बन गया है।" ब्राजील के समुद्र तटीय शहर में हो रहे दो-दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन के पहले दिन ब्रिक्स के शीर्ष नेताओं ने विश्व के समक्ष उपस्थित विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने पहलगाम हमले पर कहा, "यह हमला न केवल भारत पर, बल्कि पूरी मानवता पर आघात था।" प्रधानमंत्री ने कहा, "आतंकवाद की निंदा करना हमारा 'सिद्धांत' होना चाहिए, न कि केवल सहूलियत।" उन्होंने कहा,"अगर हम पहले यह देखें कि हमला किस देश में हुआ, किसके खिलाफ हुआ तो यह मानवता के साथ विश्वासघात करना होगा। आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए।" मोदी ने आतंकवादियों पर बिना किसी हिचकिचाहट के प्रतिबंध लगाने का आह्वान ऐसे समय में किया है जब हाल के वर्षों में चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के कई आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। उन्होंने कहा, "आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता है।" मोदी ने यह टिप्पणी उस पृष्ठभूमि में दी है जब भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई तक चले सैन्य संघर्ष के बाद कई देशों द्वारा दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) को एक ही नजर से देखने पर असहजता की स्थिति पैदा हुई थी। उन्होंने कहा, ''व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए आतंकवाद को मौन सहमति देना, आतंक या आतंकवादियों का समर्थन करना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।" मोदी ने कहा, "आतंकवाद के संबंध में कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। यदि हम ऐसा



नहीं कर सकते तो स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि क्या हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को लेकर गंभीर हैं भी या नहीं?" प्रधानमंत्री ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ खड़े रहे और इसका समर्थन करने वाले मित्र देशों के प्रति "हार्दिक आभार" व्यक्त किया। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया। सम्मेलन का आयोजन समूह के वर्तमान अध्यक्ष ब्राजील ने किया है। ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है। इसमें दुनिया की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं। मोदी ने कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा सिर्फ एक आदर्श नहीं है, बल्कि यह "हमारे साझा हितों और भविष्य की नींव" है। उन्होंने कहा, "मानवता का विकास केवल शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में ही संभव है। इस उद्देश्य को पूरा करने में ब्रिक्स की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।" प्रधानमंत्री ने कहा, "हमारी साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें एकजुट होना होगा और सामूहिक प्रयास करने होंगे। हमें मिलकर आगे बढ़ना होगा।" मोदी ने अपने संबोधन में गाजा की स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप तक आज दुनिया विवादों और तनावों से घिरी हुई है। गाजा में मानवीय स्थिति बहुत चिंता का कारण है।" प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत का दृढ़ विश्वास है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मानवता के कल्याण के लिए शांति का मार्ग ही एकमात्र विकल्प है।" उन्होंने कहा, "भारत भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। हमारे लिए युद्ध और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।" प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत हर उस प्रयास का समर्थन करता है जो दुनिया को विभाजन और संघर्ष से दूर और संवाद, सहयोग और समन्वय की ओर ले जाए तथा एकजुटता और विश्वास बढ़ाए।" उन्होंने कहा, "इस दिशा में हम सभी मित्र देशों के साथ सहयोग और साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

# बिहार में मतदाता सूची निरीक्षण का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, 10 जुलाई को होगी सुनवाई

**स्वतंत्र प्रभात**

**बिहार-** बिहार में मतदाता सूची निरीक्षण का मामला अब उच्चतम न्यायालय में पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट निर्वाचन आयोग के बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सोमवार को राजी हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की 'आंशिक कार्य दिवस' पीठ ने कई याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल की अगुवाई में कई वरिष्ठ वकीलों की दलीलों को सुना और याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई के लिए राजी हुई।

**कई नेताओं ने उच्चतम न्यायालय में दायर की याचिकाएं**

सिब्बल ने पीठ से इन याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग को नोटिस देने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, "हम बृहस्पतिवार को इस पर सुनवाई करेंगे।"




राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद मनोज झा और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा समेत कई नेताओं ने उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं दायर की हैं जिसमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्देश देने वाले निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती दी गई है। झा ने कहा कि निर्वाचन आयोग का 24 जून का आदेश संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार), अनुच्छेद 325 (जाति, धर्म और लिंग के आधार पर किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जा सकता) और अनुच्छेद 326 (18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका प्रत्येक भारतीय नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के योग्य है) का उल्लंघन करता है, इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए।

इससे मिलती-जुलती एक याचिका गैर-लाभकारी संगठन 'एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' ने भी दायर की है, जिसमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के निर्वाचन आयोग के निर्देश को चुनौती दी गई है। पीयूसीएल जैसे कई अन्य नागरिक समाज संगठनों और योगेंद्र यादव जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी आयोग के आदेश के खिलाफ शीर्ष न्यायालय का रुख किया है। निर्वाचन आयोग ने 24 जून को बिहार में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण करने के निर्देश जारी किए थे, जिसका उद्देश्य अयोग्य नामों को हटाना और यह सुनिश्चित करना है कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची में शामिल हों। बिहार में पिछली बार ऐसा विशेष पुनरीक्षण 2003 में किया गया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मुहर्रम जुलूस के दौरान दो गुटों में हिंसक झड़प, दो दर्जन से अधिक घायल



**भागलपुर-** मुहर्रम के अवसर पर बीते रविवार को नवगछिया पुलिस जिला के भवानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलाहा-बीरबन्ना स्थित मस्जिद-ए-बिलाल के समीप ताजिया जुलूस के दौरान दो समुदायिक गुटों के बीच तीव्र विवाद उत्पन्न हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया.। मारपीट में दोनों पक्षों से दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मुहर्रम के मौके पर गाजी अखाड़ा बलाहा-बीरबन्ना का जुलूस निर्धारित समय पर निकला। जुलूस के दौरान एक गुट आगे और दूसरा गुट प्रशासनिक टीम के पीछे शामिल हुआ...

### UP: डिप्टी CM केशव प्रसाद मौर्य को HC से बड़ी राहत, डिग्री मामले में याचिका खारिज



**प्रयागराज-** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को इलाहाबाद हाई कोर्ट से डिग्री मामले में बड़ी राहत दी है। दरअसल, कोर्ट ने दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। आप को बता दें दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने उप मुख्यमंत्री की डिग्री मामले में पुनरीक्षण याचिका दायर की है। याचिका में आरोप लगाया कि केशव प्रसाद मौर्य ने जिस डिग्री के आधार पर पेट्रोल पंप लिया है और चुनाव में हलफनामा दायर किया वह अमान्य है। ऐसे में एफआईआर दर्ज कर विवेचना की जानी चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 25 मई को आदेश रिजर्व कर लिया था। फिलहाल इस मामले में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राहत दे दी है।

# उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या पर भड़कीं मायावती, बोलीं-"इस खून-खराबे ... निर्वाचन आयोग संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करें

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ-** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बिहार में उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या को लेकर राज्य की जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सोमवार को आलोचना की और वहां की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। मायावती ने कहा कि निर्वाचन आयोग से अपील है कि बिहार चुनाव सरकारी तंत्र के दुरुपयोग, बाहूबल, धनबल व अपराध बल आदि से मुक्त कराने के लिए समय रहते उचित सख्त कदम उठाए जाएं। बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "वैसे तो बिहार में खासतौर पर दलितों, अति-पिछड़ों, शोषितों, गरीबों और उनकी महिलाओं आदि के विरुद्ध जुल्म-ज्यादती, हत्या एवं जातिवादी शोषण तथा इन वर्गों के लोगों को उनके हक से वंचित रखने के मामले हमेशा काफी चर्चा का विषय रहे हैं।" उन्होंने



कहा, "लेकिन राज्य में विधानसभा आमचुनाव से पहले हिसंक वारदातों व हत्याओं के जारी रहने के क्रम में शासित दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ही एक प्रमुख उद्योगपति व नेता खेमका की राजधानी पटना में हाल में हुई सनसनीखेज हत्या ने राज्य में कानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति के साथ-साथ प्रदेश की राजनीति को भी नये तरीके से गर्मा दिया है।

उन्होंने कहा, "इस खून-खराबे के संबंध में चुनाव आयोग अगर अभी से ही संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे तो यह शान्तिपूर्ण चुनाव संचालन हेतु बेहतर होगा।' मायावती ने कहा, "बिहार में चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के दौरान यह सब हिंसक घटनाक्रम किसके द्वारा किसके स्वार्थ की पूर्ति के लिए किया जा रहा है, इसको लेकर न केवल राज्य की गठबंधन सरकार कठघरे में है, बल्कि राजनीति काफी गर्म है कि आगे चलकर राज्य के राजनीतिक समीकरण व चुनाव पर इसका क्या असर पड़ेगा, यह देखने वाली बात है। बसपा नेता ने कहा, "वैसे हमारी पार्टी बहुजन समाज पार्टी विशेषकर दलितों, अन्य पिछड़ों, वंचितों, शोषितों, गरीबों व मजदूरों आदि बहुजनों की पार्टी है जो अपने कैडर व शुभचिन्तकों के तन, मन, धन के बूते पर राजनीति करने के सिद्धांत व नीति के तहत बिहार विधानसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर लड़ रही है।

# मुजफ्फरपुर में बड़ी वारदात.. पत्नी और बच्चों के सामने इंजीनियर की चाकू से गोदकर हत्या, इलाके में दहशत

**स्वतंत्र प्रभात**

बिहार में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद होते जा रहे हैं कि वह आए दिन बड़ी-बड़ी घटनाओं अंजाम दे रहे हैं। पटना और नालंदा के बाद अब मुजफ्फरपुर में कनीय अभियंता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज हत्याकांड ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। दरअसल, यह दिल दहला देने वाली वारदात जिले के काजी मोहहमदपुर थाना क्षेत्र में हुई। मृतक की पहचान कनीय अभियंता मोहम्मद मुमताज के रूप में हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कनीय अभियंता मोहम्मद मुमताज माड़ीपुर मुहल्ला के रामराजी रोड में पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते थे। सोमवार की सुबह करीब तीन बजे अपराधी घर के बालकनी के दरवाजे से कमरे में प्रवेश कर गए। इसके बाद अपराधियों ने चाकू मारकर मोहम्मद मुमताज की हत्या कर दी। मृतक कनीय अभियंता वैशाली जिले के भगवानपुर प्रखंड में कार्यरत थे।

**कमरे से कुछ सामान, आभूषण और रूपए भी गायब**




घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक (नगर) किरण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सीमा देवी और पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) और डॉग स्क्वायड की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। मौके से चाकू बरामद किया गया है। घटना के समय मोहम्मद मुमताज की पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ अलग कमरे में सो रही थी। कमरे से कुछ सामान, आभूषण और रूपये गायब है। अपराधी मोबाइल फोन और सीसीटीवी हार्ड डिस्क साथ ले गए है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। शव को पोस्टमॉटर्म के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## दिल्ली सरकार जल्द ही रक्तदाताओं की सूची वाला ऐप शुरू करेगी- रेखा गुप्ता



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि दिल्ली सरकार स्वैच्छिक रक्तदाताओं की जानकारी देने वाला एक 'ऐप' जल्द ही शुरू करेगी। गुप्ता ने आनंद विहार क्षेत्र में एक रक्तदान शिविर में यह घोषणा की। गुप्ता ने कहा, "हम जल्द ही रक्तदाता ऐप्लीकेशन शुरू करेंगे, जिसमें उन लोगों का विवरण होगा जो रक्तदान करना चाहते हैं। इसमें उनका ब्लड ग्रुप, अंतिम बार रक्तदान कब किया, और क्या वे तीन महीने बाद दोबारा रक्तदान करने के लिए पात्र हो गए हैं या नहीं, यह सब जानकारी होगी।"उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "इस ऐप में रक्तदाताओं की संपर्क जानकारी भी होगी, ताकि ज़रूरतमंद लोग अपने निकटतम रक्तदाता से संपर्क कर सकें।"

# वो यहीं थी, बाढ़ ने छीना सब कुछ, एक पिता को मलबे में मिला बेटी का तौलिया...रो-रो कर बोला-चमत्कार होगा

**स्वतंत्र प्रभात**

टेक्सास का कैम्प मिस्टिक (Camp Mystic), जहां कभी गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजती थी, आज सन्नाटा पसरा है। ग्वाडालूपे नदी (Guadalupe River) ने महज 45 मिनट में 26 फीट तक अपना जलस्तर बढ़ाया, और इस शांत कैम्प को विनाश के मैदान में तब्दील कर दिया।

**जब नदी ने निगल लिया बचपन**

इस भयावह बाढ़ में कैम्प मिस्टिक की कई इमारतें ध्वस्त हो गई और बच्चों के रहने वाले केबिन पानी में बह गए। उस वक्त कैंप में करीब 750 बच्चियां मौजूद थीं, जिनमें से 27 अब भी लापता हैं। अब तक 43 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कुछ परिवारों को अपने बच्चों की पहचान किसी तौलिये, ब्रेसलेट या कीचड़ में पड़ी तस्वीरों से करनी पड़ी। यह सब उस त्रासदी का खामोश बयान हैं, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

**बेटी की तलाश में एक पिता**

ऑस्टिन निवासी माइकल के लिए यह सप्ताह किसी भयावह सपने से कम नहीं रहा। शुक्रवार की सुबह उन्हें वो कॉल आया जिसे कोई भी माता-पिता कभी सुनना नहीं चाहेगा–"आपकी बेटी लापता है।" माइकल जब कैंप मिस्टिक पहुंचे, तो मलबे में उन्हें अपनी बेटी का नाम लिखा तौलिया, पास ही उसकी एक



चूड़ी और कीचड़ में दबी एक पारिवारिक तस्वीर मिली। लेकिन बेटी नहीं मिली। इस बीच वह बेबस पिता कहता रहा, "वो यहीं थी... मैं जानता हूं, वो यहीं थी।"

**एक बच्ची को हेलिकॉप्टर से बचाया गया**

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। हेलिकॉप्टर, नावें और ड्रोन की मदद से बचाव अभियान चल रहा है। अब तक हजारों बचावकर्मी मलबे और पानी में फंसे लोगों को तलाशने में जुटे हैं। एक बच्ची को पेड़ से लटकते हुए पाया गया जिसे एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

**तबाही का मंजर**

कैंप मिस्टिक के डाइनिंग हॉल की पूरी दीवार बाढ़ में बह गई। मैदान में मैपल सिरप की बोतलें और टेबलों के टुकड़े कीचड़ में इधर-उधर बिखरे हैं। यह दृश्य बताता है कि जीवन कैसे कुछ ही मिनटों में बदल सकता है।

**सोशल मीडिया बना सहारा**

अभिभावक अब सोशल मीडिया पर अपने बच्चों की तस्वीरें साझा कर रहे हैं–किसी को अपनी बेटी की आखिरी लोकेशन याद है, किसी ने व्हाट्सएप पर भेजा गया वीडियो देखा था। राहत शिविरों में लंबी कतारें हैं, आंखों में बस एक ही सवाल–"क्या मेरी बच्ची मिल जाएगी?" स्थानीय निवासी गेराडो मार्टिनेज ने कहा, "यहां एक कहावत है कि हर सौ साल में एक बार ऐसी बाढ़ आती है... और अब वह साल आ चुका है।"

**'मुझे चमत्कार की उम्मीद है'**

बाढ़ के तीन दिन बीत चुके हैं लेकिन माइकल अब भी उस कीचड़ से सने कैम्प में हर कोने की खाक छान रहे हैं। "मुझे यकीन है कि वो मिलेगी... कोई चमत्कार जरूर होगा," वे बार-बार दोहराते रहे।

# बिहार विधानसभा चुनावों में राजद को पूर्ण समर्थन देगी सपाः अखिलेश यादव

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ-** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार के आगामी विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को पूर्ण समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए "घोटालों" को पूरे बिहार में उजागर किया जाएगा। हम बिहार चुनाव में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी जी का पूरा समर्थन करेंगे। उत्तर प्रदेश में भाजपा द्वारा किए गए घोटालों का खुलासा बिहार में किया जाएगा और लोगों को सच्चाई बताई जाएगी।"

**'नीतीश को फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगी भाजपा'**

जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के साथ गठबंधन को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाने का कोई इरादा नहीं है। यादव ने दावा किया, "वे (भाजपा) नीतीश कुमार के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन वे उन्हें फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। हम एक बार उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाना चाहते थे, लेकिन अब देखिए- वह मुख्यमंत्री पद से ही 'रिटायर' हो जाएंगे। भाजपा उन्हें 'रिटायर' होने के लिए मजबूर करेगी।"

**'सत्य का मार्ग ही धर्म का मार्ग है'**

सत्तारूढ़ भाजपा और उसके वैचारिक रुख पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा, "मैं केवल एक ही बात जानता हूं- सत्य का मार्ग ही धर्म का मार्ग है, वही सच्चा सनातन मार्ग है। जो लोग अन्याय करते हैं, भेदभाव करते हैं और बच्चों का राजनीति के लिए इस्तेमाल करते हैं, वे खुद को सनातनी नहीं कह सकते।" उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए उन्होंने कहा, "आज की राजनीति में सिर्फ 'भगवा वस्त्र' पहनने से कोई 'बाबा' या योगी नहीं बन जाता। असली पहचान विचार और आचरण से होती है।" उन्होंने कहा, ''वे बुनियादी समस्याओं पर चर्चा नहीं करना चाहते। लेकिन लोग इंतजार कर रहे हैं- उत्तर प्रदेश में 2027 का चुनाव ऐसा होगा जैसा आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।"

# पैसों के लिए रिश्ते हुए कलंकित! 6 साल के बच्चे को किडनैप कर बेचने निकले मां-बेटे, पुलिस ने बीच रास्ते दबोचा

गुरुग्राम के सेक्टर 40 इलाके से 6 साल के बच्चे का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने मां-बेटे को आगरा से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी इस बच्चे को किसी अमीर निःसंतान दंपती को बेचने की योजना बना रहे थे। यह जानकारी पुलिस ने बीते रविवार को दी।

**बच्चे के लापता होने की शिकायत, पुलिस ने शुरू की तलाश**

पुलिस के अनुसार, यह मामला 23 जून को सामने आया था जब सेक्टर 40 थाने में एक व्यक्ति ने अपने बच्चे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत बच्चे की तलाश शुरू कर दी। गुरुग्राम पुलिस की मानव तस्करी विरोधी शाखा की टीम जिसका नेतृत्व सहायक उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह कर रहे थे ने लगातार छानबीन के बाद 2 जुलाई को उत्तर प्रदेश के आगरा में शिवम नाम के युवक को गिरफ्तार कर लिया। बच्चे को भी सुरक्षित बचा लिया गया।

**आरोपी मां-बेटे पर निःसंतान दंपती को बेचने की साजिश का आरोप**

पुलिस पूछताछ में शिवम ने बताया कि उसने बच्चे को टॉफी का लालच देकर बहला-फुसलाकर अपहरण किया था। वह बच्चे को लेकर आगरा गया, जहां उसकी मां मनोज ने बच्चे को अपने घर में रखा था। दोनों आरोपी बच्चे को किसी अमीर निःसंतान दंपती को बेचने की योजना बना रहे थे ताकि उनसे मोटी रकम हासिल कर सकें। पुलिस ने शिवम को अदालत में पेश किया, जहां उसे 4 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। इसके बाद मनोज को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुग्राम पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपियों को जल्द ही कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया जाएगा। बच्चा फिलहाल सुरक्षित है और परिवार के पास वापस कर दिया गया है।

# लिथियम की होड़ में भारत-चीन आमने-सामने, अर्जेंटीना बना रणनीतिक रणभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना की द्विपक्षीय यात्रा दोनों देशों के आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही इस यात्रा का एक और बड़ा रणनीतिक असर होने जा रहा है। हम आपको बता दें कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में लैटिन अमेरिका और एशिया के देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक रिश्ते गहराते जा रहे हैं। अर्जेंटीना और चीन के संबंध इसी उभरते भू-राजनीतिक समीकरण का हिस्सा हैं। बीते एक दशक में अर्जेंटीना ने चीन के साथ अपने व्यापारिक, निवेश, और कूटनीतिक संबंधों को अत्यंत मजबूत किया है। यह संबंध न केवल क्षेत्रीय रणनीति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भारत के लिए भी कई अवसर और चुनौतियाँ उत्पन्न कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि चीन अर्जेंटीना का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों ने कृषि, अवसंरचना, ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में कई समझौते किए हैं। चीन अर्जेंटीना से बड़ी मात्रा में सोयाबीन, मांस और कृषि उत्पाद आयात करता है। साथ ही चीन ने अर्जेंटीना में जलविद्युत परियोजनाओं और परमाणु संयंत्रों में भारी निवेश किया है। यही नहीं, अर्जेंटीना वर्ष 2022 में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव क्ष्ठ्ठ में शामिल हुआ, जिससे चीन की लैटिन अमेरिका में रणनीतिक उपस्थिति और गहराई। एक खास बात और है कि अर्जेंटीना "लिथियम ट्रायंगल" का हिस्सा है और चीन ने वहां की कई लिथियम परियोजनाओं में निवेश कर रखा है।

चीन का अर्जेंटीना में गहराता प्रभाव भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से चिंता का विषय है, खासकर जब चीन की नीति Global South के देशों में कर्ज और निवेश के माध्यम से प्रभाव बढ़ाने की रही है। यहां यह भी काबिलेगौर है कि भारत इलेक्ट्रिक वाहनों और ऊर्जा भंडारण के लिए लिथियम पर निर्भर है। अर्जेंटीना में चीन की बढ़ती हिस्सेदारी इस महत्वपूर्ण खनिज की वैश्विक आपूर्ति में भारत को पीछे धकेल सकती है। इसलिए भारत अर्जेंटीना के साथ अपने संबंधों को मजबूती देना चाहता है, लेकिन चीन की पहले से मौजूदगी भारत की कूटनीतिक पहुंच को सीमित कर सकती है। लेकिन भारत के ÷ग्लोबल साउथ÷ को जोड़ने की नीति अर्जेंटीना जैसे देशों में स्वीकार्यता पा रही है।

देखा जाये तो भारत और चीन दोनों ही अर्जेंटीना को एक बड़ा कृषि, औद्योगिक और खनिज स्त्रोत मानते हैं। हालांकि चीन का आक्रामक निवेश मॉडल भारत के लिए प्रतिस्पर्धा को कठिन बना देता है, खासकर तब जब भारत सतर्क और स्थिर निवेश नीति पर चलता है। सवाल उठता है कि भारत की रणनीतिक दिशा क्या होनी चाहिए? इसका जवाब यह हो सकता है कि भारत को अर्जेंटीना सहित लैटिन अमेरिका के देशों में उच्च स्तरीय राजनीतिक और व्यापारिक संवाद को और गहरा करना होगा। साथ ही अर्जेंटीना में लिथियम जैसे संसाधनों के लिए भारत को चीन के समानांतर रणनीतिक साझेदारियाँ बनानी होंगी। इसके अलावा, "सॉफ्ट पावर" के माध्यम से भारत अर्जेंटीना में अपनी पहचान मजबूत कर सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अर्जेंटीना दौरे में देखने को आया कि भारत जिन उद्देश्यों और लक्ष्यों को लेकर चल रहा है उसमें सही रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। वैसे भी हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के द्विपक्षीय संबंध ऐतिहासिक, कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से लगातार प्रगाढ़ हुए हैं। ये संबंध केवल व्यापार और कूटनीति तक



सीमित नहीं हैं, बल्कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, खेल और संस्कृति जैसे विविध क्षेत्रों में भी परस्पर सहयोग का आधार बनते जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि भारत और अर्जेंटीना के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 1949 में स्थापित हुए थे। दोनों देश वैश्विक मंचों पर समान विचार साझा करते हैं- जैसे बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद विरोध और Global South की आवाज को सशक्त बनाना। पिछले दो दशकों में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय राजनीतिक यात्राएं, व्यापारिक समझौते और रणनीतिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करें तो आपको बता दें कि दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सहयोग को लेकर सहमति जताई। साथ ही अर्जेंटीना चूंकि Lithium Triangle का हिस्सा है और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के लिए लिथियम एक प्रमुख संसाधन है, इसलिए प्रधानमंत्री की यात्रा में लिथियम आपूर्ति के समझौते बेहद अहम रहे। इसके अलावा, अर्जेंटीना कृषि विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी में उन्नत है इसलिए भारत ने कृषि क्षेत्र में सहयोग की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। साथ ही दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ाने पर जोर दिया, विशेषकर आईटी, फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहन देने पर सहमति हुई।

आगे की संभावनाओं पर गौर करें तो कहा जा सकता है कि भारत-अर्जेंटीना संबंध आने वाले वर्षों में और अधिक सुदृढ़ हो सकते हैं, विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर और पवन ऊर्जा में। इसके अलावा, छात्र विनिमय कार्यक्रम और विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी से शिक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग और बढ़ने की संभावना है। साथ ही अर्जेंटीना की फुटबॉल विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भी अपार संभावनाएं हैं। बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना यात्रा भारत की "Act Global" कूटनीतिक नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इस यात्रा ने न केवल दोनों देशों के बीच सहयोग के नए द्वार खोले हैं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को और सुदृढ़ किया है। अर्जेंटीना जैसे लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भारत के संबंधों की सुदृढ़ता न केवल आपसी सहयोग को बढ़ावा देती है, बल्कि वैश्विक संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी है।

# संपादकीय

## लाखों गाँवों में सहकारी संस्थाएं, अमित शाह के लिए बड़ी चुनौती

पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जो घोषणा की है वो शहरों और महानगरों में रहने वाले लोगों लिए शायद कोई महत्व नहीं रखती हो, पर ग्रामीणों के लिए एक अहम बात है। शाह ने अगले पांच वर्षों में देश के प्रत्येक गांव में सहकारी संस्था स्थापित करने और राष्ट्रीय सहकारी नीति बनाने की भी घोषणा की। पहली नज़र में यह आम तौर पर प्रायः नेताओं-मंत्रियों द्वारा मंचीय घोषणा की तरह लग सकती है, पर ऐसा नहीं है। यह घोषणा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह मोदी सरकार की सहकारिता विभाग मोदी सरकार का महत्वाकांक्षी मंत्रालय है और इसके मंत्री शाह आम तौर पर ऐसी औपचारिक घोषणाएं नहीं करते हैं। वे जानते हैं कि देश की अधिसंख्य जनसंख्या गाँवों में बसती है और गाँव में रहने वाला व्यक्ति ही जानता है कि गाँव और ग्रामीणों के लिए कोई सहकारी संस्था क्या मायने रखती है। भारत में सहकारी संस्थाएं ब्रिटिश काल से चली रही हैं।

मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर और और पक्षी-विज्ञानी कर्नल फ्रेडरिक निकोलसन बेट्स की रिपोर्ट के तहत भारत में पहली सहकारी संस्था तमिलनाडु के तिरूर में 30 अगस्त 1904 को स्थापित की गई, जो एशिया की पहली सहकारी संस्था मानी जाती है। तब से भारत के ग्रामीण आर्थिक विकास में सहकारी संस्थाओं ने कृषि,डेयरी,आवास और बैंकिंग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गुजरात की अमूल विश्व में दूध और दुग्ध उत्पादों का सबसे बड़ा सहकारी उत्पादक है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) उर्वरकों के उत्पादन और विपणन में विश्व में खासा स्थान रखती है। कृभको यानी कृषक भारती सहकारी लिमिटेड किसानों को उर्वरक, बीज और अन्य कृषि इनपुट उपलब्ध करवाती है तो श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ उत्पादन से महिलाओं को सशक्त बनाती है। राजस्थान स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड यानी 'एपेक्स बैंक' राजस्थान में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की शीर्ष संस्था है। इन सबका प्राथमिक संबंध गाँवों और ग्रामीणों से है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार देश में करीब सात लाख गाँव हैं और शाह की मानें तो 2030 तक इनमें से हर गाँव में सहकारी संस्था बन जाएगी। सवाल यह है कि भारत के आधारभूत ढांचे और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और अन्य बातों को देखते हुए क्या




यह व्यावहारिक रूप से संभव है? दरअसल इस शाही लक्ष्य की प्राप्ति में इतनी चुनौतियां, समस्याएं हैं कि शाह के लिए यह राह आसान नहीं है। मुख्य चुनौतियों को कुछ बिंदुओं में समझा जा सकता है-

**बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी की कमी-** ग्रामीण क्षेत्रों में खराब कनेक्टिविटी, बिजली और इंटरनेट की कमी के कारण आधुनिक तकनीकों को अपनाना चुनौतीपूर्ण है। सहकारी समितियों को बाजार तक पहुंचने और सप्लाई चैन सिस्टम में तकनीकी पिछड़ापन प्रमुख बाधा है।

**वित्तीय संसाधन का टोटा-** सहकारी संस्थाओं को स्थापित करने और संचालित करने के लिए पर्याप्त पूंजी की आवश्यकता होती है। ग्रामीण सहकारी समितियों के पास अक्सर सीमित वित्तीय संसाधन होते हैं। सरकारी फंडिंग पर अत्यधिक निर्भरता और निजी निवेश की कमी बड़ी चुनौती है।

**प्राइवेट सेक्टर से प्रतिस्पर्धा-**सहकारी समितियां अक्सर बड़े व्यवसायों और निजी क्षेत्र के साथ प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ रहती हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बाजार तक पहुंच सीमित है।

बुनियादी ढांचे की कमी, जैसे गोदामों और परिवहन सुविधाओं का अभाव, उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में मुख्य बाधा है।

**सीमित दायरा और एकल उद्देश्य-** कई सहकारी समितियां केवल एक या दो गांवों तक सीमित हैं और एकल उद्देश्य (जैसे केवल ऋण प्रदान करना) पर काम करती हैं, जिसके कारण उनकी संसाधन क्षमता और प्रभाव सीमित रहता है। केंद्र और राज्य की नीतियों का संघर्ष- सहकारी समितियां राज्य सूची का विषय हैं, जिसके कारण केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी एक बड़ी बाधा है। नई नीतियों और कानूनों, जैसे मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज अधिनियम 2023 को लागू करने में भी कई जटिलताएं हैं।

राजनीतिकरण मुख्य बाधा- सहकारी संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी प्रायः किसी न किसी राजनीतिक दल से जुड़े ही होते हैं। अक्सर राजनेताओं ने समुदाय के कल्याण की कीमत पर अपने राजनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए सहकारी समितियों का दुरुपयोग भी किया है। सहकारी समितियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभाव है। राजनीतिक हस्तक्षेप और नौकरशाही नियंत्रण समितियों की स्वायत्तता को कमजोर करते हैं।

इन चुनौतियों को देखते कहा जा सकता है कि यह लक्ष्य एक हिमालयन टास्क है। इसके सियासी ख़तरे भी बहुत हैं। इससे मोदी-शाह की साख के साथ भाजपा का भविष्य भी जुड़ा है। इसकी सियासी गणित इस बात से समझी जा सकती है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को जिस मुख्य कारण ने पूर्ण बहुमत से रोक दिया वो था ग्रामीण मतों में गिरावट। ग्रामीण इलाकों से भाजपा को 35 प्रतिशत वोट मिले, जो 2019 के 39.5 से 4.5त्न कम थे। गठबंधन की दृष्टि से देखें तो ग्रामीण क्षेत्रों में एनडीए को प्रति 100 मतदाताओं में से 43 वोट मिले, जबकि इंडिया गठबंधन को 42 वोट मिले। फ़ासला भले ही एक फीसदी का हो लेकिन लाखों समितियों के गठन में कोई भी चूक असंतोष उपजाने में पर्याप्त है और कोई भी उलटफेर बड़ी चुनौती बन सकता है।

**हरीश शिवनानी**

# वाद की खाद खाते हैं वो........ वात और वाद के रोगी

इस दुनिया में दो पक्के प्रकार के रोगी मिलते हैं कृ एकए जो ष्वातष् से पीड़ित होते हैंए और दूसरेए जो ष्वादष् से। कई बार ये दोनों रोग एक साथ भी आ जाते हैंए और जब ऐसा होता हैए तो स्थिति लगभग असाध्य हो जाती है।

वैसे तो आयुर्वेद में तीन दोष बताए गए हैं कृ वातए पित्त और कफकृ जिनसे शरीर के रोगों की जड़ जुड़ी होती है। इनमें भी वात रोग को सबसे अधिक प्रभावी माना गया है। कोई भी रोग जो किसी स्पष्ट बीमारी में फिट न बैठेए वह वात का ही रूप माना जाता है। जिसे हम वायु कहते हैं कृ हवाए गैसए प्रेशरए असर कृ उसी के दुष्प्रभाव से शरीर और मन दोनों बिगड़ जाते हैं।

वायु अगर घुटनों में जा घुसे तो आदमी लंगड़ाने लगेय पेट में हो तो अपचए बदहजमीए गैस की समस्या। और यदि वही वायु मस्तिष्क में चढ़ जाएए तो वह वात न रहकर वाद बन जाती है कृ और वाद का रोगी सिर्फमानसिक रूप से नहींए सामाजिक रूप से भी बीमार माना जाता है।

वाद के रोगी के लक्षण स्पष्ट होते हैं-

चेहरे पर तनावए बात.बात में अकड़ए मुँह से अनर्गल गालियाँए दूसरों को अपमानित करनाए खुद को महापुरुष घोषित करना और दिनभर चक्करघिन्नी की तरह घूमते रहना।

वाद की भी कई किस्में होती हैं कृ प्रगतिवादए प्रतिक्रियावादए परंपरावादए राष्ट्रवादए निष्पक्षवादए फ्लाँवादए ढिकानावादण्ण्ण् बिल्कुल वायरस के स्ट्रेन की तरह। इनमें लक्षण भले ही मिलते.जुलते होंए लेकिन इलाज अलग.अलग होता है।

इस वाद से ग्रसित व्यक्तिए ठीक वैसे ही व्यवहार करता है जैसे कोई बीमार आदमीए जिसे अपनी बीमारी से प्रेम हो जाए कृ वह उसे ओढ़े.बिछाए घूमता हैए हर चर्चा में अपनी बीमारी घुसेड़ देता हैए और दूसरों की बीमारियों को घटिया या तुच्छ बताता है।

वह दिनभर घूमता हैए दूसरों को विचारों का इंजेक्शन देता हैए खुद को ष्महान पीड़ितष् और बाकी सबको ष्भ्रमितष् मानता है। और इस सबके बीचए कोई एक सामान्यए संतुलित व्यक्ति कृ जिसे न वात ने घेरा हैए न वाद ने कृ उन्हें बीमार लगने लगता है।

ऐसे में वाद.पीड़ित उस सामान्य व्यक्ति से भी बहस में उलझ जाते हैंए और अंततः उसे भी किसी न किसी वाद में घसीट ही लेते हैं।

**क्योंकि इस बीमारी का नियम है-**

श्जो बीमार नहीं हैए उसे बीमार साबित करो कृ यही असली वाद का प्रचार है।

कई लोग वाद के विवाद में न पड़कर स्वयं को शील कहलवाना पसंद करते हैं..... नाम से ही सहीए कम से कम शालीन नजर आएं।

**जैसे एक हैं हमारे बब्बन चचा.....**

ये प्रगतिशील हैं..... प्रगति में विश्वास रखते हैं कृ प्रगति का घूंघट ओढ़े रहते हैं।

थोड़ा ही कोई इनका घूंघट उठाने की जुर्रत करे तो शील भंग होने का रंडी.रोना रोते नजर आते हैं।

प्रगति का नंगा नाच करते हैं ये कृ मनए शीर और अपने कुकर्म से कभी.कभार पूरी नंगाई पर उतर आते हैं। प्रगति की लाठी हाथ में लिए लठियाते हैंए प्रगतियाते हैं!

प्रगति के पीछे हाथ धोकर पड़े हैंण्ण्ण् लेकिनएअब प्रगति की काली कोठरी में हाथ काले हुए बिना रहेंगे क्याण्ण् प्रगति की कालिख अब पूरे चेहरे पर पोत ली है। लोट.लुहान हैं।

देखो तोए जुगाली करते हैं तो प्रगति की कैसी फेन सी निकल आती है मुँह से!

प्रगति की हरी घास काटने के लिए सर्वहारा की हँसिया इस्तेमाल करना इन्हें अतिप्रिय है!

जो उनके वाद का नहीं हैए उस पर वाद.विवाद की तलवार चलाते हैं।

हद तो यह है कि ये संवेदनाएँ नहीं फैलाते कृ ये तो सनसनी फैलाते हैं।

अपने ष्वादष् को ही अंतिम सत्य मानने वाले ये लोग खुद को ष्सर्वहाराष् घोषित कर चुके हैं-

मगर जहाँ भी किसी लेखक में वाद विहीन स्वतंत्रता दिखेए वहीं ये लपक पड़ते हैं।

वे सभी साहित्यकार इनके निशाने पर होते हैंए जो किसी भी वाद में नहीं फँसते-

उन्हें प्रतिक्रियावादीष् करार दे दिया जाता है

उन्हें जनविरोधी घोषित कर दिया जाता है

और साहित्य के मंचों पर तख्तियाँ टाँग दी जाती हैं

**यहाँ बिना वाद का प्रवेश वर्जित है।**

**उन्होंने मुझसे पूछा-**

श्आप किस वाद से पीड़ित हैं

मैंने निर्विवाद रूप से अपनी मंशा जताई

**कृपया मुझे किसी वाद के कीचड़ में न घसीटें।**

**बोले-**

कैसे लेखक हो तुम यारघ् बिना वाद की स्याही डाले तुम्हारी लेखनी लिख ही कैसे पाएगी! तुम किसी वाद से पीड़ित नहीं हो कृ इसका मतलब निश्चित ही तुम सत्ता के चाटुकार होण्ण्ण् सत्ता के दरबारी! क्योंकि वही तो छुपाए फिरते हैं अपनी फित्तरत!

**और जब मैं कहता हूँ-**

श्भाईए मुझे निर्विवाद ही रहने दो3 क्यों घसीट रहे हो किसी वाद में

**तो कहते हैं**

श्बेटा! साहित्य के किले में वाद की रस्सी पकड़कर ही चढ़ा जाता है!

कहो....... अब मैं क्या करूँघ् रस्सी पकड़ूँ या कलम

**डॉ. मुकेश 'असीमित'**

# दैनिक राशिफल



ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ
डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी




**मेष**

आज भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। चारों तरफ से सफलता मिलेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। उत्साह बना रहेगा। चिंता तथा तनाव कम होंगे।

**वृष**

आज कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। धनहानि भी आशंका है।

**मिथुन**

आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**कर्क**

आज अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें। प्रमाद न करें।

**सिंह**

आज कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रमाद न करें।

**कन्या**

आज यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें।

**तुला**

आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। बेकार बातों पर बिलकुल ध्यान न दें।

**वृश्चिक**

आज बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**धनु**

आज आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। प्रमाद न करें।

**मकर**

आज मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी दूसरे व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप न करें। विवाद होगा।

**कुंभ**

आज आय में निश्चितता रहेगी। समय शीघ्र सुधरेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बेवजह कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकते हैं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि की आशंका है। व्यापार-व्यवसाय में धीमापन रह सकता है।

**मीन**

आज रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है।

# भ्रष्ट व्यवस्था के संरक्षण में चलता है गोमांस का अवैध कारोबार

पंजाब के फगवाड़ा-गोराया के बीच हाईवे पर स्थित ज्योति ढाबे से दो दिन पहले क्विंटलों गोमांस बरामद किया गया. इस संबंध में विभिन्न हिंदू संगठनों के नेता और गौ रक्षक संस्थान के सदस्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने रोष व्यक्त किया. हिंदू संगठनों ने कहा कि ढाबे के अंदर एक बड़ा फ्रीजर बनाया गया था, जिसमें क्विंटलों गोमांस रखा हुआ था. आप जानते हैं कि गाय को हिन्दू माता मानते हैं। कहा जाता है कि गाय में 33 कोटि देवताओं का वास रहता है जो हर तरह से हमारी रक्षा करती है परंतु आज यही गौ माता समाज के एक वर्ग के लोगों के अत्याचारों का शिकार हो रही है।



2 जुलाई, 2025 को पंजाब के 'फगवाड़ा' में गांव 'चाचोकी' के निकट स्थित 'ज्योति वैष्णो ढाबा', जिसे अब सील कर दिया गया है, के पीछे कोल्ड स्टोरेज के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले तहखाने में गौमांस की 'प्रोसैसिंग फैक्टरी' तथा बड़ी मात्रा में पैक किए हुए गौमांस का पता चलने पर शहर में तनाव फैल गया। इसका पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.)' तथा अन्य स्थानीय हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के अनुसार यहां प्रतिदिन क्विटलों के हिसाब से गौमांस की पैकिंग की जाती थी।

इसी परिसर में एक कमरे के बाहर एक बर्तन में पकाया हुआ गौमांस भी बरामद हुआ है जिसके बारे में जानकारों का कहना है कि यहां 'गौमांस' को प्रोसैस करने वाले लोग स्वयं भी 'गौमांस' पकाकर खाते थे। यहां इतनी अधिक असहनीय दुर्गंध फैली हुई थी कि सांस लेना भी मुश्किल था।सवाल यह है कि हिन्दू संगठन के लोग इस अवैध धंधे को पकड़ रहें हैं फिर पुलिस क्या कर रही है। जाहिर है सारा अवैध गोमांस का धंधा कुछ पुलिस की गंदी मछलियों के संरक्षण में चल रहा है।

पुलिस ने इस मामले में शामिल कुल 17 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है तथा इस सिलसिले में 8 लोगों (लेबर) को गिरफ्तार करने के अलावा 29 क्विटल 32 किलो 'गौमांस' बरामद कर लिया है। इस अवैध गौमांस फैक्टरी में जहां उत्तर प्रदेश के रहने वाले 3 लोग शामिल बताए जाते हैं, वहीं इस रैकेट में 'म्यांमार' के 'रोहिंग्या' भी शामिल बताया गया हैं। इसका प्रमाण फगवाड़ा पुलिस द्वारा थाना सिटी में दर्ज की गई एफ. आई.आर. है जिसमें 'म्यांमार' के रहने वाले 'अरमान' नामक व्यक्ति का उल्लेख है।गौमांस की तस्करी करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. आरोपियों में मुख्तयार आलम, आजाद, जाकिर हुसैन, रिहाना आलम और मिंजर अली मालदा पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं. अरशद उत्तर प्रदेश का और मदन शाह जालंधर जिले के गोराया का रहने वाला है।

'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.)' के राष्ट्रीय अध्यक्ष 'गुरप्रीत सिंह' ने 'शिवसेना पंजाब' के सीनियर उपाध्यक्ष 'इंद्रजीत करवल', 'अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति' के 'दीपक भारद्वाज' एवं अन्य गौभक्तों की मौजूदगी में बताया कि यहां 'गौमांस' की पैकिंग कर इसकी सप्लाई दिल्ली, श्रीनगर आदि विभिन्न स्थानों को भेजी जा रही थी।

फगवाड़ा पुलिस द्वारा दर्ज एफ.आई.आर. में उल्लेख किया गया है कि गौवंश को होशियारपुर रोड पर स्थित एक 'हड्डा रोड़ी' में काटा जाता था और वहां से गौमांस को बोनलैस करके उक्त फैक्टरी में डीप फ्रीज किया जाता था और गौवध तेजधार दातरों से नहीं, मोटर चालित आरियों से किया जाता था।

डी. एस. पी. 'भारत भूषण' का कहना है कि अभी पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है और ऐसा हो सकता है कि फगवाड़ा में ही गौवंश काटा गया हो तथा पुलिस गौमांस की फैक्टरी के आसपास के खेतों सहित होशियारपुर रोड पर मौजूद 'हड्डा रोड़ी' के पूरे इलाके की खुदवाई करवाएगी।

'फर्स्ट च्वाइस' ब्रांड नाम वाले 900 ग्राम वजन के 'गौमांस' के इन पैकेटों पर 'अरबी' और 'अंग्रेजी' भाषाओं में 'हलाल' तथा 'व्हील क्यूब्स' लिखा हुआ है। जानकारों के अनुसार 'व्हील' शब्द का प्रयोग 'गौमांस' विशेष रूप से छोटी आयु (6 महीने) के बछड़े-बछड़ियों के लिए किया जाता है जिसकी विदेशों में काफी कीमत मिलती है। 'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.)' के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह के अनुसार पूरे पंजाब में ऐसी लगभग 14 फैक्टरियां चल रही है। इतने बड़े पैमाने पर गौवध किसी राजनीतिक संरक्षण के बिना चला पाना संभव नहीं है।

फगवाड़ा के विधायक बलविंद्र सिंह धालीवाल तथा गौभक्तों का आरोप है कि इस रैकेट में शामिल एक आरोपी की अवैध गतिविधियों के बारे में फगवाड़ा पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी गई थी परन्तु उनकी किसी ने नहीं सुनी तथा मामले को दबाया जाता रहा।

मामले में गुरुप्रीत सिंह पुत्र अवतार सिंह के बयानों पर मुकदमा दर्ज किया गया है. उन्होंने गुप्त सूचना देते हुए बताया कि फगवाड़ा से लुधियाना साइड जीटी रोड ज्योति ढाबे के बैकसाइड में बने हुए पैकिंग प्लांट में भारी मात्रा में गाय का मांस पैक किया जाता है. मांस काटने और पैकिंग का काम कई लोग करते हैं.

गौमांस की कटिंग हड्डा रोड, होशियापुर रोड (फगवाड़ा) में की जाती है. फिर ज्योति ढाबे की बैकसाइड गोदाम में बने पैकिंग प्लांट में उसकी पैकिंग की जाती है, जिसे दिल्ली और श्रीनगर तक सप्लाई किया जाता है.गुरुप्रीत सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि अगर मौके पर जाकर छापा मारा जाए तो ज्योति ढाबे के बैकसाइड पैकिंग प्लांट से भारी मात्रा में पैक्ड गौमांस बरामद किया जा सकता है. इसी सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया. आज पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगी.

कोर्ट ने पुलिस को आरोपियों की रिमांड दे दी. मामले में अभी आरोपियों के अलावा अन्य लोगों की इनवोलवमेंट का भी खुलासा होने की संभावना है, जो गौमांस की तस्करी करते हैं.

फगवाड़ा में गौमांस की फैक्टरी का मिलना असंख्य हिंदुओं की आस्था से सीधा जुड़ा होने के अलावा कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है। अतः यथाशीघ्र इस मामले की तह तक जाकर आरोपियों तथा राज्य में चल रही अन्य ऐसी फैक्ट्रियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रवि कुमार अवस्थी द्वारा सुशीला स्टेडी बेल एकेडमी 117-मोहल्ला विजय लक्ष्मी नगर परगना खैराबाद तहसील व जनपद -सीतापुर से प्रकाशित तथा महावीर आफसेट 28, हीवेट रोड लखनऊ से मुद्रित। सम्पादक रवि कुमार अवस्थी समाचार पत्र में छपे समस्त समाचार संवाददाताओं के अपने श्रोत एवं संकलन हैं, जिनसे सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। **नोटः**-उपरोक्त सभी पद अवैतनिक एवं स्वयंसेवी हैं तथा समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादो का न्याय क्षेत्र सीतापुर होगा। R.N.I NO. UPHIN/2012/43078 मो0 नं0 -9511151254, E-Mail :- news@swatantraprabhat .com

## संक्षिप्त खबरें

### क्राइम ब्रांच अमेठी व थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित व 03 वर्ष से फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में को क्राइम ब्रांच अमेठी व थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में थाना बाजार शुक्ल में वांछित अभियुक्त भोला पुत्र ओमवीर उर्फ पप्पू निवासी ग्राम ओढ़मपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह अपने किसी जानने वाले व्यक्ति से मिलने आया था। थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### वकील से मारपीट व लूट-पाट करने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पिलखा गांव के निकट गत 19 मई को दवा लेकर घर जा रहे अधिवक्ता से मारपीट कर उनका मोबाइल व उनकी जेब में रखे 2500 रुपये छीनने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास लूटा हुआ मोबाइल व एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है। सुवाखेड़ा गांव निवासी हरिकिशन वर्मा पेशे से अधिवक्ता हैं। गत 19 में की शाम करीब 8ञ्30 बजे वह बाल्हेमऊ से दवा लेकर अपने घर लौट रहे थे, तभी पिलखा गांव के निकट तीनों बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। उनसे मारपीट कर उनका मोबाइल छीन लिया। जेब में रखे 2500 रुपये भी निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों को विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। शनिवार को रामनगर भट्ठे के पास पुलिस टीम ने टिकरान गांव निवासी सत्येंद्र व यश और सरेनी क्षेत्र के कोरवां मजरे बिठूली निवासी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास मोबाइल व बाइक बरामद की है। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजा गया है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपनी पुत्रवधु गौरी पत्नी स्व. सुरेंद्र एवं दोनों पौत्र हर्ष व हर्षित पुत्रगण स्व. सुरेंद्र को उनके गलत आचरणों एवं चाल-चालन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है7 आज से इनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य एवं लेनदेन से मेरा कोई सरोकार नहीं रहेगा

**मुरारी देवी पत्नी स्व. रामवृक्ष**
**मोहल्ला टेहरा शहरी**
**पलिया कलां**
**जिला लखीमपुर-खीरी**

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उस्मान अली पुत्र मुनव्वर अली. निवासी मिश्रीपुर, पोस्ट पहाडपुर थाना महिगवां, तहसील बी0के0टी, जिला-लखनऊ का हूँ। मेरे दो पुत्र व एक पुत्री है, मेरा दूसरा (मंझला) पुत्र जिसका नाम मो0 शाहिल है, जिसकी हरकतों, गाली-गलौज, लडाई झगड़ा, गलत संगति व गलत चाल-चलन से प्रार्थी काफी परेशान रहता है, मो0 शाहिल के गलत चाल-चलन के कारण प्रार्थी अपने पुत्र से कोई वास्ता व सम्बंध, सरोकार नहीं रखना चाहता है. न ही उसके द्वारा किये गये किसी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य से नहीं होगी, मैं अपने पुत्र मो0 शाहिल के कृत्यों व गलत चाल-चलन के कारण अपनी मर्जी से सम्पूर्ण भारत में स्थित चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मो0 शाहिल द्वारा किये गये कृत्यों की जिम्मेदारी अब स्वयं उसकी होगी। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी व जवाबदेही व देनदारी नहीं होगी।
लखनऊ
दिनांक-07.07.2025

**उस्मान अली**
**पुत्र मुनव्वरं अली.**
**निवासी-मिश्रीपुर, पोस्ट पहाड़पुर**
**थाना महिगवाँ, तहसील बी0के0टी**
**जिला-लखनऊ**

# कप्तानगंज थाना अध्यक्ष द्वारा गरीब के पुराने मकान पर दबंगों का कब्जा करवा दिया

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में राजस्व पुलिस करवा रही है अवैध कब्जा जिससे आम जनमानस त्रस्त है प्रार्थना पत्र पर उचित कार्रवाई न करके फर्जी रिपोर्ट बिना जांच किए हुए लगाई जा रहे हैं जिला अधिकारी द्वारा इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए लेकिन प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी कोई संज्ञान ना लेना शिकायतकर्ता के लिए खतरे की घंटी बता रही है पुलिस के शाह पर दबंग और भूमाफियाओ से मोटी रकम लेकर गरीबों के घर कब्जा हो रहे हैं लेकिन शिकायत के बावजूद भी पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी तथा उप जिला अधिकारी हरैया द्वारा कार्रवाई न करना गंभीर मुद्दा का विषय बन गया है जिलाधिकारी द्वारा दिए गए जांच के आदेश को सप्ताह बीत जाने के बाद अभी तक ना कोई जांच अधिकारी पहुंच ना ही पुलिस के कोई कार्यकर्ता गरीब के आशियाने पर जाने की जमात उठाई लेकिन 26 जून को थाना अध्यक्ष कप्तानगंज हमराही पंकज तथा नायाब दरोगा मिलकर पीढ़ी साधना का पुराने मकान पर बिना कोई कागजात के थाना अध्यक्ष स्वयं हम रही सहित उसके मकान पर अज्ञात व्यक्तियों को कब्जा दिला दिया उसके बाद पड़ता साधना को धमकी भरे लगे में कहा अगर इन लोगों को से विवाद किया तो ठीक नहीं होगा धमकी देते हुए अशोक का फोटो वीडियो वायरल हो गया है लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा दिया गया आदेश अभी तक थाने पर मुकदमा विपक्षियों के ऊपर नहीं दर्ज किया गया जांच अधिकारी द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर अवैध कब्जा बताया गया जबकि कागजात में पूर्व में साधना और संध्या के नाम घरौनी भी बनी है जिलाधिकारी द्वारा घरौनि के आधार पर उप जिला अधिकारी को जांच दिया लेकिन सप्ताह भर भी जाने के बाद कोई जांच अधिकारी पीड़ित के दरवाजे तक नहीं गया इससे आप प्रतीत होता है की थाना अध्यक्ष की तरह यह लोग भी मोटी रकम लेकर बिके हुए हैं वीरता का आरोप है कि विपक्षी का यहां कोई कागजात न कोई जमीन कोई भी नहीं होने के कारण गांव के कुछ हमारे दुश्मनों द्वारा उन्हें लाकर यहां पैसे के बल पर पुलिस कब्जा करवा दिया उसके बाद पुलिस के तानाशाही पंकज द्वारा ऐसी कार्रवाई की गई जो कि झूठ पर पर्दा डालने पर भी नहीं पर्दा पड़ेगा क्योंकि सुनील गौड़ इस समय मुंबई में प्राइवेट फॉर्म में काम कर रहे हैं उनका हवाला देकर उनके नाम शांति भंग जैसी कार्रवाई करके वह वाही लूटने का काम किया है लेकिन सच्चाई सुनील द्वारा पेश किया गया जो इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में सहायता मिलेगी ऐसी थाना अध्यक्ष और पुलिसकर्मियों के ऊपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।




# स्काउट और गाइड नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी समिति की पचमोहनी में हुई बैठक



**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिले में नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी समिति का बैठक शनिवार को राजकीय इंटर कालेज पचमोहनी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान समर बहादुर सिंह ने कहा कि प्रादेशिक मुख्यालय के आदेश के तहत जिले में स्काउटिंग गाइडिंग के समस्त गतिविधियों का स्काउटिंग गाइडिंग के प्रतिज्ञा और नियम के उद्देश्यों पर कार्य किया जाएगा। जिला स्काउट कमिश्नर करूणा कांत ने कहा कि जनपद में स्काउटिंग गाइडिंग को शुन्य से शिखर तक पहुंचाने के लिए हम सब पुरा प्रयास करेंगे। जिला गाइड कमिश्नर अर्चना सिंह ने कहा कि हम सभी स्काउटिंग गाइडिंग के लिए समर्पित रहेंगे।

प्रादेशिक मुख्यायलय से आए प्रतिनिधि सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट बस्ती मंडल बस्ती संदीप कुमार ने सिद्धार्थ नगर के स्काउटिंग गाइडिंग के कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट अमित कुमार शुक्ल ने किया। बैठक में नव नियुक्त कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार, जिला सचिव अजय शंकर उपाध्याय, कब कमिश्नर राजित कुमार, बुलबुल कमिश्नर अर्चना वर्मा, डी टी सी जी डॉ इफत्खारूननिशा, सहायक आयुक्त इटवा हेमंत कुमार गुप्त, आदि लोग मौजूद रहे।

# विकासखंड भेटुआ के बैसड़ा गांव को किया जाएगा हाईटेक गांव के रूप में विकसित

**●ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास, कृषि पट्टा, पेयजल, इंटरलॉकिंग, अमृत सरोवर, सोलर लाइट जैसी योजनाओं का मिलेगा लाभ**

**जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर बैसड़ा गांव का किया स्थलीय निरीक्षण, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



**स्वतंत्र प्रभात**

**अमेठी।** विकासखंड भेटुआ के बैसड़ा गांव को हाईटेक गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। गांव में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर, कृषि हेतु पट्टा, शुद्ध पेयजल, अमृत सरोवर, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग आदि योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बैसड़ा गांव में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिसको लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा बैसड़ा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत दिनों हुए अग्निकांड में इस गांव के 16 घर क्षतिग्रस्त हो गए थे जिसमें पीड़ित परिवारों को शासन द्वारा दैवीय आपदा के तहत रुपए 4 हजार की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है जिससे यह 16 लोग मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हो गए जिसमें इनको मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त दी जा चुकी है आवास के साथ ही इन लोगों को शौचालय की भी सुविधा दी जाएगी। साथ ही इन लोगों को सोलर रूफटॉप, कैटल शेड, बायोगैस प्लांट की भी सुविधा दी जाएगी साथ ही इस गांव को पुनर्वासित किया जाएगा जिसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से इस गांव में नए सिरे से कॉलोनी विकसित की जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि भूमिहीन परिवारों को कृषि आवंटन योजना के तहत कृषि पट्टा भी दिया जा रहा है विधायक निधि योजना से यहां पर सोलर लाइट लगवाई जाएंगी, जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल परियोजना से हर घर नल की सुविधा उपलब्ध कराते हुए शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा है तथा जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को भी पुनः मरम्मत कराया जाएगा, इसके साथ ही जल भराव की समस्या को देखते हुए क्षेत्र पंचायत योजना से तालाब को खुदवा कर अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा, ओपन जिम, सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित अन्य सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्राम वासियों को देकर उनका जीवन बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह गांव पूरी तरह से जीरो कार्बन उत्सर्जन वाला गांव बनेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभी तक इस प्रकार की सुनियोजित कॉलोनी कहीं और विकसित नहीं की गई है अमेठी के बैसड़ा गांव को शासन की सभी योजनाओं से अच्छादित करते हुए सुनियोजित तरीके से विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाया दो बार जबरन गर्भपात कराया

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती जिले में हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया एक युवती जो चंडीगढ़ से चलकर बस्ती पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची कहां साहब बस्ती जिले के संजय शर्मा ग्राम बेलवरिया जंगल थाना गौर का रहने वाला है जिसने मेरे साथ पहले दोस्ती की फिर जबरन शारीरिक संबंध बनाया जब हमने इसका विरोध किया तो दिलासा देते हुए संजय ने कहा घबराओ मत रोवो मत हम शादी कर लेंगे तब से लेकर आज तक कई बार संजय ने मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया और दो बार प्रेग्नेंट हो जाने पर गर्भपात भी कराया जब हमने शादी के लिए दबाव बनाया तो संजय जान से मारने की धमकी एवं मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया और सारे सबूत मिटा दिया 10,000 - रुपये छीन लिया। पुलिस अधीक्षक बस्ती को प्रार्थना पत्र देकर पीड़िता ने कहा धनास 14 सेक्टर चंडीगढ़ की निवासिनी हूँ। संजय शर्मा पुत्र दान बहादुर निवासी टोला-लोनिया पूरवा बेलवरिया जंगल तहसील हरैया बस्ती उत्तर प्रदेश करीब 4 वर्ष पूर्व काम के सिलसिले में जान पहचान हुई फिर दोस्ती हो गयी। हमारी दोस्ती का नाजायज फायदा उठाते हुए हमे अपने मौसेरे भाई दीस्सू के घर बुलाया, जो भी संजय के घर के पास ही है। वही पर संजय शर्मा ने जबरन मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया और मेरे रोने पर मुझसे बोला परेशान न हो हम शादी कर लेंगे। उसके बाद आये दिन वह मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान मै दो बार गर्भवती भी हो गयी। संजय शर्मा लोक-लाज का भय दिखाकर डरा धमका कर जबरन मेरा गर्भपात भी करवा दिया। शादी की बात करने पर टाल मटोल करने लगा और डराने धमकाने लगा। मेरे काफी मिन्नते करने पर दिनांक18 मई 2025 को अयोध्या मे शादी की बात करने के लिये बुलाया। जब मैं अयोध्या पुल पहुंची तो वह अपने भाई गोलू गोपाल एवं दोस्त सुरजीत वर्मा के साथ मिलकर हमें बहुत मारा पीटा मेरा मोबाइल एवं 10,000 रुपये छीन लिए व जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। जिसकी शिकायत मैंने 1090 पर की थी। उसने मेरे मोबाइल के सारे सबूत भी नष्ट कर दिये। पीड़िता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मीडिया के सामने अपने दर्द को बयां करते हुए कहा की साहब पुलिस अब हमारे साथ इंसाफ करें।

# करंट की चपेट में आकर घायल हुआ बंदर

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील परिसर में शुक्रवार को एक बंदर चेजओवर के पास उतरते समय करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। करंट लगते ही वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल सूचना प्रभारी तहसीलदार शंभूशरण पांडेय को दी। प्रभारी तहसीलदार ने तत्काल चिकित्सकों को बुलाकर बंदर का प्राथमिक उपचार कराया। लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद उसकी हालत में कोई विशेष सुधार नहीं हो सका। बाद में वन विभाग की टीम को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी घायल बंदर का रेस्कयु कर उसे इलाज के लिए ले गए। तहसील के कर्मचारियों ने बताया कि यह बंदर तहसील परिसर में लंबे समय से रह रहा था और अक्सर शरारतें करता रहता था। कभी किसी कमरे में घुसकर कागजात फाड़ देता तो कभी टेबल-कुर्सी उलट देता। वह कर्मचारियों से बिल्कुल नहीं डरता था। करंट से उसकी हॉलत बिगड़ गई है।

# खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिये नगर पालिका अध्यक्ष ने खेल किट का किया वितरण

**स्वतंत्र प्रभात**



**कौशाम्बी।** स्पोर्ट स्टेडिएम टेवा में खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने के लिए शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने खेल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। इस दौरान वह खिलाड़ियों को मन लगा कर खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने को कहा,उन्होने कहा कि अगर खेल प्रतियोगिताओ में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेगे, और जिले के बाहर विजयी होकर लौटेगे, तो कौशाम्बी नाम रोशन होगा। इस दौरान उन्होने लोगों से अपील किए कि सभी लोगों को ऐसा खिलाड़ियों का सहयोग करना चाहिए, जिससे खेल प्रतियोगिताओ में उनका उत्साह बढ सके।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के टेवा स्थित स्पोर्ट स्टेडिएम में खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले भर से खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करते है, खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करने वाले इन खिलाडियों को सिखाया जा रहा है, कि वह वैसे प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करें।और जिले व मण्डल तथा देश प्रदेश में खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग कर सके, और जिले का नाम रोशन कर सके। इन खिलाड़ियों का उत्साह बढाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी किसी न किसी प्रकार से इन खिलाड़ियों का सहयोग करते रहते है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी की ओर से इन खिलाड़ियों को खेल किट वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी लगभग 100 खिलाड़ियों को खेल किट वितरण किए, इससे वह खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग कर सके, इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने कहा कि स्पोर्ट स्टेडिएम में जो भी खिलाड़ी आते है, उन खिलाड़ियों का सहयोग करने से उन खिलाड़ियों में उत्साह बढता है, और खिलाड़ी मन लगा कर प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करते है। उन्होने कहा कि यह खिलाड़ी यहा से निकल कर जब बाहर प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करने जायेगे, तो अपने माता पिता व गांव तथा जिले का नाम रोशन करने का काम करेगे, उन्होने लोगों से भी अपील किये ऐसे खिलाड़ियों का उत्साह बढाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए, जिससे यह खिलाड़ी बाहर जाकर प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग कर सके। इस दौरान खेल किट पाकर खिलाड़ियों नगर पालिका अध्यक्ष की सराहना किए। उन लोगों ने कहा कि चाहे सर्दी हो या गर्मी हो या फिर बरसात नगर पालिका अध्यक्ष उनका सहयोग जरूरत के अनुसार करते है। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने ताली बजा कर नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत किए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय तिवारी पार्षद अंशुल केशरवानी, राहुल गुड्डू आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालकों से अवैध वसूली करने वाले मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर

**थाना चन्दापुर क्षेत्र में ऑटो चालकों से अवैध वसूली का दबाव बनाने वाले किरदार अभी भी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर हैं लेकिन पुलिस अधीक्षक की फटकार के बाद हरकत में आई चन्दापुर पुलिस ने दो निर्दोषों को जो धरना प्रदर्शन में शामिल थे उनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन अवैध वसूली करने वाले व ठेकेदार पर कार्यवाही कब होगी यह बात संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है या फिर न्याय प्रिय पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह को गुमराह कर टेंपो स्टैंड से विगत कई वर्षों से की जा रही अवैध वसूली पर लगाम लग पाएगा यह बात संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**महराजगंज/रायबरेली।** संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अंदर करना कर्मचारी व अधिकारी सुनिश्चित करें और किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत आपूर्ति ज्यादा से ज्यादा दी जाए जिससे किसान धान की रोपाई समय पर कर सके। यह उद्गार आज तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए एडीएम एफार अमृता सिंह व्यक्त कर रही थी।

बताते चले की पूर्ण नियोजित कार्यक्रम के अनुसार तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज टेंपो स्टैंड की अवैध वसूली का मामला चर्चा का विषय बना रहा तो वही व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने दिए गए शिकायती पत्र में ऑटो चालक से की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की और ऑटो रिक्शा वालों से अवैध वसूली में जिन लोगों की संलिप्तता है उन पर जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाए तथा टेंपो स्टैंड की नीलामी टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से हो,तो वही संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 36 शिकायती पत्र आए जिसमें 6 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व से 14 पुलिस के 17 विकास विभाग से 1 अन्य 4 शिकायती पत्र आए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकार प्रदीप कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, सीएचसी अधीक्षक गणनायक पांडेय, अधिशासी अभियंता विद्युत संदीप कुमार सहित अनेक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मंझेला, विकास खण्ड-दरियाबाद, बाराबंकी**

पत्रांक मेमो मनरेगा/ग्रा0पं0-मंझेला/सामग्री आपूर्ति/निविदा-प्रकाश/दरि0/2025-26 02.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड दरियाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मंझेला बाराबंकी में मनरेगा योजनान्तर्गत जनहित मे निम्नलिखित कार्य कराया जाना है जिसके लिए संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से स्वीकृत दरो के अधीन निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सामान आपूर्ति की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 03.07.2025 से 17.07.2025 तक किसी भी कार्यदिवस मे निर्धारित धनराशि जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबन्द निविदायें दिनांक 18.07.2025 को प्रातः 10 से 02 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स मे डाली जायेगी तथा दिनांक 18.07.2025 को ही सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में उपस्थित निविदाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा समय 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | सामग्री की जीएसटी सहित लागत (रू0 लाख मे) | आपूर्ति ली जाने सामग्री का विवरण | धरोहर राशि (रू0 मे) | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मंझेला | मंझेला मे अन्नपूर्णा स्टोर का निर्माण कार्य 3148012035/AV/958486255824171984 | 1 | 9,46,550 | बालू, सीमेन्ट, मौरंग, गिटटी, सरिया, ईट इत्यादि | 2 प्रतिशत | 500 | 3 माह |
| 2 | मंझेला | गौ आश्रय स्थल मंझेला में नर व मादा के अलग-अलग रखने हेतु टीन की दीवाल का निर्माण कार्य 3148012035/AV/958486255824169469 | 1 | 3,98,240 | बालू, सीमेन्ट, मौरंग, गिटटी, सरिया, ईट, टीन इत्यादि | 2 प्रतिशत | 500 | 3 माह |

1. धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आर्डर्स/प्रतिभूति प्रमाण जो पंचायत मंझेला विकास खण्ड दरियाबाद के नाम बन्धक करते हुए निविदि फार्म के साथ संलग्न करना होगा।
2. आपूर्तिकर्ता को संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव / प्रधान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री आपूर्ति करना होगा।
3. आपूर्ति की गयी सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्ब आदि के लिए कार्यर्यादायी संस्था उत्तरदायी नही होगी।
4. जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।
5. विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
6. आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा/किराये का अलग से भुगतान देय नही होगा।
7. आपूर्ति की गयी समाग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने के उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता होगा।
8. निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर पंचायत मंझेला मे उपरोक्तानुसार/प्राक्कलित/स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक / अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय/स्थान पर सामग्री आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर जब्त करने का ग्राम पंचायत का होगा।
9. सामग्री आपूर्ति का बिना कराण बताये अनुबन्ध निरस्त करने का अधिकार सचिव/प्रधान/निविदा समिति मंझेला मे निहित होगा।

**तकनीकी सहायक**
**ग्राम पंचायत मंझेला,**
**दरियाबाद, बाराबंकी।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत मंझेला,**
**दरियाबाद, बाराबंकी।**

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत मंझेला,**
**दरियाबाद, बाराबंकी।**

